हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 61

फसल बीमा

*3065 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**
श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में 31.07.2020 तक बागवानी विभाग में बागवानों की फसल का बीमा करने हेतु किन-किन कम्पनियों ने सेवाएं दी; सरकार द्वारा कितनी धनराशि का योगदान दिया गया तथा इस क्षेत्र में कितने बागवानों को यह सुविधा उपलब्ध है;

(ख) पंजीकरण कितने बागवानों का किया गया; ब्यौरा वर्षवार व नामवार दें; और

(ग) इन कम्पनियों द्वारा कितनी-कितनी धनराशि बागवानों को दी गई; ब्यौरा जिलावार नाम व पते सहित दें?

राहत कोष

*3066 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में विभिन्न आपदाओं से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु अलग से राहत कोष स्थापित करने का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

*3067 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के कितने भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है; यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

छावनी बोर्ड

*3068 **श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में छावनी बोर्डों में चुनाव नहीं हो पाए हैं; यदि हां, तो कब तक चुनाव करवा दिए जाएंगे; और

(ख) यह सत्य है कि छावनी बोर्ड योल द्वारा गृह/सम्पति टैक्स में बढ़ौतरी की गई है; यदि हां, तो कितनी?

मजदूरों का ई0पी0एफ0

*3069 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में स्थित प्राइवेट इंडस्ट्रीज़ में कार्यरत मजदूरों का ई0पी0एफ0 लगभग 7-8 वर्षों से जमा नहीं करवाया गया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

अटल आदर्श विद्यालय

***3070 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अटल आदर्श विद्यालय गुडाहरी के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इसका निर्माण कार्य कब आरम्भ कर दिया जाएगा?

पठानकोट-मण्डी फोरलेन

***3071 श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**
श्री अरुण कुमार(नगरोटा) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पठानकोट-मण्डी सड़क को फ़ोरलेन बनाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा तथा इसके निर्माण/मरम्मत हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इस हेतु भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; यदि हां, तो प्रभावितों को मुआवजा किस आधार पर दिया जाएगा?

स्वां चैनेलाइजेशन

***3072 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ऊना जिला में स्वां चैनेलाइजेशन के लिए विभिन्न चरणों में कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; तिथि/वर्ष सहित सभी चरणों में स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा सभा पटल पर रखें;

(ख) प्रत्येक चरण में कितनी धनराशि व्यय की गई; चैनेलाइजेशन को खनन से हो रहे नुकसान को रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) सरकार इस परियोजना को राष्ट्रीय धरोहर का दर्ज़ा प्रदान करवाने का विचार रखती है?

जड़ी-बूटी उत्पादन

***3073 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक सरकार ने जड़ी-बूटी उत्पादन का बृहत क्षेत्र बनाने हेतु क्या पग उठाए हैं;

(ख) जड़ी-बूटी उत्पादन उद्यानों (हर्बल गार्डन) हेतु क्या प्रोत्साहन (incentives) दिए जाते हैं; और

(ग) धारा-118 में निजी उद्यानों की स्वीकृति "एकल-कक्ष" (सिंगल विंडो क्लीयरेंस) द्वारा हो रही है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***3074 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा संस्थानवार व पदवार दें तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

ऊहल तृतीय चरण

***3075 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऊहल तृतीय चरण जल विद्युत परियोजना में पाइप लाइन फटी थी; यदि हां, तो इससे हुए नुकसान की भरपाई हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

SMC Teachers

***3076 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
Sh. Vinay Kumar(Sri Renukaji) :
Sh. Rakesh Singha(Theog) :
Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :
Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of SMC teachers in the State;

(b) how many SMC teachers are there in the State and in which schools are they serving; how much salary is paid to each teacher and from which Head of Account it is being drawn;

(c) since how many months have the SMC teachers not received their salaries and reasons thereof;

(d) does the Government propose to challenge the High Court orders regarding the services of SMC teachers in the Supreme Court of India; and

(e) what steps have been taken by the Government to regularize these teachers?

बायो टैक्नोलॉजी पार्क

***3077 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आदूवाल में प्रस्तावित बायो टैक्नोलॉजी पार्क के लिए कितनी जमीन चिन्हित की गई है; और

(ख) यह जमीन किस विभाग के नाम पर है; सरकार की इस पार्क को बनाने के लिए क्या योजना है तथा इसका कार्य कब तक शुरू होगा?

पेयजल सिंचाई योजनाएं

***3078 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी पेयजल और सिंचाई योजनाएं स्वीकृत की गई; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कितनी पंचायतों को इस योजना से जोड़ा जाएगा; ब्यौरा दें?

New Bus Stand Hamirpur

***3079 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that when was the foundation stone of the new Bus Stand at Hamirpur laid down and what is the latest position of its construction?

वाइस चेयरमैन

***3080 श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक वन निगम के वाइस चेयरमैन के वेतन, टी0ए0, डी0ए0, ऑफिस ड्राइवर, गाड़ी, आवास व अन्य सुविधाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई; प्रवास डायरी सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में जिला किन्नौर में वन निगम द्वारा कितना कारोबार किया गया; और

(ग) वन निगम के कार्यालय किन्नौर जिला में कहां-कहां स्थापित हैं व किस-किस स्तर के अधिकारी इन कार्यालयों में तैनात हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

पेयजल योजना

***3081 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डैहर में जल शक्ति विभाग द्वारा पेयजल योजना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

बस अड्डा निर्माण

***3082 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ में प्रस्तावित नए बस अड्डे के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

पाइप क्रय

***3083 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक जल शक्ति विभाग द्वारा प्रदेश में विभिन्न डाया की कितनी पाइपें खरीदी गईं; ब्यौरा दें; और

(ख) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु विभिन्न डाया की कितनी पाइपें खरीदी तथा कितनी आवंटित की गईं; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें?

Koli Samaj Bhawan

***3084 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state the latest position of construction of Koli Samaj Bhawan at Rajhana under Mashobra Block, Shimla?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

***3085 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि डोडरा-टिकरी-क्वार, गोसांगी-टिस्कन, शाल-गंगानगर-कीट-कोट, मेंदली-करछारी-शालन, जिसकुन-जारवा, पंडर, बराल-शील, शील-मेलथी-शरौंथा- टिक्कर सड़कों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा सड़कवार दें?

उप-मण्डल की स्थापना

***3086 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत साहू में जल शक्ति विभाग का उप-मण्डल खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

वाइल्ड लाइफ हमीरपुर

***3087 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में वाइल्ड लाइफ हमीरपुर के अन्तर्गत रेंज नगरोटा सूरियां में कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कितनी व्यय की गई; कितना राजस्व प्राप्त हुआ तथा स्थाई व अस्थाई कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

सड़क निर्माण

***3088 श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कोयला-वशला सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा; क्या विभाग द्वारा इस सड़क की एन0पी0वी0 (Net Present Value) वन विभाग में जमा करवा दी गई है; ब्यौरा दें;

(ख) अवेरा-घाटु सड़क को पक्का (मैटलिंग/टारिंग) करने का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; और

(ग) चकलोट से चूनागई सड़क का अधूरा कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पूर्व प्रधानों से वसूली

***3089 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों के पूर्व प्रधानों से वसूलियां होनी शेष हैं; यदि हां, तो कितनी तथा वसूली हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा विकास खण्डवार दें?

रेशम अनुभाग

***3090 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उद्योग विभाग के रेशम अनुभाग में केन्द्रीय व राज्य योजनाओं के अन्तर्गत किन-किन योजनाओं के लिए कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; योजनावार ब्यौरा धनराशि सहित दें?

Construction of Buildings

***3091 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many GSSS, GHS, GMS and GPS are without Buildings in Rampur Assembly Constituency; and

(b) what is the latest position of construction of buildings of GSSS Sholi, Kingal Bahli and Majholi Tipper?

कोविड-19 से बेरोजगार

***3092 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कोविड-19 से उत्पन्न हुई स्थिति के कारण प्रदेश और प्रदेश से बाहर हिमाचलियों की नौकरियां खत्म होने के कारण कितने लोग बेरोजगार हुए हैं; और

(ख) सरकार ऐसे बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है?

SRT Defaulters

***3093 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) what steps have been taken by the Government to recover the outstanding State Road Tax and Token Tax; list of SRT and Token Tax defaulters up to 31/03/2020 be given (district wise); and

(b) list of SRT defaulters alongwith SRT bond and surety bond for paying SRT arrears in installment be given?

फंड्स डाइवर्ट

***3094 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गई है कि मार्च, 2018 से पूर्व विधायक द्वारा स्वीकृत फंड्स को डाइवर्ट नहीं किया जा सकता; यदि हां, तो कारण; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

नगर पंचायत करसोग

***3095 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक नगर पंचायत करसोग के अन्तर्गत कितने कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं; ब्यौरा नाम व लागत सहित दें?

हाइड्रो प्रोजैक्टस

***3096 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.01.2019 से 31.07.2020 तक प्रदेश में कितने छोटे व बड़े हाइड्रो प्रोजैक्टस

स्वीकृत हुए हैं; एन0एच0पी0सी0, एस0जे0वी0एन0 लिमिटेड तथा निजी कम्पनियों के साथ कितने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुए तथा किन शर्तों व नियमों पर स्वीकृत हुए हैं; ब्यौरा जिलावार दें; शर्तों व नियमों की प्रति भी सभा पटल पर रखें; और

(ख) इन समझौतों के अनुरूप कितने प्रतिशत बिजली प्रदेश को मुफ्त उपलब्ध करवाई जाएगी?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समोट

*3097 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समोट को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा कब तक प्रदान कर दिया जाएगा?

राहत कोष

*3098 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में बागवानों को हुए नुकसान हेतु अलग से राहत कोष का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

नेरवा बस डिपो

*3099 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरवा बस डिपो निर्माण हेतु भूमि का स्थानान्तरण हो चुका है; यदि हां, तो क्या इसकी निविदाएं कर दी गई हैं; यदि नहीं, तो कारण?

सब्जी मंडी निर्माण

*3100 **श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की पास्सू पंचायत में सब्जी मंडी के निर्माण कार्य

हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान है; और

(ख) सब्जी मंडी का निर्माण कार्य क्यों रुका है; क्या सरकार समय-सीमा निर्धारित कर इस कार्य को पूरा करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

पुल निर्माण

***3101 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ग्राम पंचायत बैहल के अन्तर्गत निर्माणाधीन चिकनी खड्ड पुल का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

बीज वितरण

***3102 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गुडाहरी और मौवीसेरी फार्मों में कौन-कौन से बीज तैयार किए जाते हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) स्थानीय किसानों को तैयार किए गए बीज वितरित किए जाते हैं; यदि नहीं, तो कारण?

नागरिक अस्पताल नगरोटा बगवां

***3103 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित 100 बिस्तर के नागरिक अस्पताल नगरोटा बगवां के नए भवन निर्माण हेतु एक करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है; यदि हां, तो शेष धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी?

बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0

***3104 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में

बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0 सूचियों में सरकारी अधिकारियों के नाम पाए जाने का मामला सामने आया है; यदि हां, तो इनके विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई है; ब्यौरा नाम सहित दें?

जल जीवन मिशन

***3105 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कितनी निविदाएं हुईं; स्वीकृत धनराशि सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन आरम्भ होने के समय प्रदेश में कुल कितने परिवार थे; कितने परिवारों के निजी नल थे व कितनों के पास नल नहीं थे;

(ग) इस अवधि में कितने घरों को नल सुविधा उपलब्ध करवाई गई; कुल कितनी पाइपें (15 मिलीमीटर व्यास पाइप) और धनराशि व्यय की गई; और

(घ) इस अवधि में अवैध रूप से लगे कितने नलों को नियमित किया गया; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

आवारा पशु

***3106 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर में बेसहारा पशुओं से निज़ात दिलाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Seed/Fertilizer Licence

*3107 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that is it a fact that farmers are facing difficulty in renewing Seed & Fertilizer Licences; if so, what steps have been taken by the Government to ease the procedure; details be given?

FCA/FRA Cases

***3108 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases of FCA and FRA clearances are pending before the Hon'ble Supreme Court of India and what are the reasons for their pendency; and

(b) is this injunction applicable only for Himachal Pradesh or for any other State also?

Global Investor Meet

***3109 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) how much amount has been spent on the Global Investor Meet by the Government; details including the amount spent on tours of Chief Minister, Ministers and Officers of State Government be given;

(b) how many MOUs have been signed between the Government and the investors; expected amount of investment and other details be given; and

(c) in how many cases have the investors applied for purchase and clearance of land and other NOCs from the Government; details be given?

P.H.C. Building Totu

***3110 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that by when the construction work of P.H.C. Buidling at Totu, Shimla will be started?

रेलवे लाइन

***3111 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ को रेलवे लाइन से जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

अप्रयुक्त भूमि

***3112 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला मण्डी की ग्राम पंचायत नगवाईं में उद्यान विभाग की भूमि अप्रयुक्त पड़ी है; यदि हां, तो सरकार इस भूमि को उपयोग में लाने हेतु क्या पग उठा रही है?

Sub-Tehsil Lambloo

***3113 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state whether there is any proposal to open a Sub-Tehsil at Lambloo in Hamirpur Assembly Constituency; if so, by when it will be opened?

पॉलिटैक्निक कॉलेज भवन

***3114 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि किन्नौर जिला का पॉलिटैक्निक कॉलेज भवन के अभाव में कई वर्षों से रोहडू में चल रहा है; यदि हां, तो सरकार J.S.W कंपनी द्वारा निर्मित I.T.I उरनी के भवन में पॉलिटैक्निक कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यह सत्य है कि उरनी में पॉलिटैक्निक कॉलेज के लिए भवन के अलावा अतिरिक्त भूमि भी उपलब्ध है; यदि हां, तो किन कारणों से यह भूमि लीज़ पर नहीं ली जा रही है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***3115 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुन्दरनगर तथा डैहर में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के अतिरिक्त भवन निर्माण के शिलान्यास कब हुए; और

(ख) इनके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति कब प्रदान की गई तथा निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

खीर गंगा घाट

***3116 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ शिव मंदिर के साथ धार्मिक स्थल खीर गंगा घाट को विकसित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

मोहनपुर-सधोड़ा पेयजल योजना

***3117 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मोहनपुर-सधोड़ा पेयजल योजना हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी व कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस योजना को कब तक जनता को समर्पित किया जाएगा?

Nagar Parishad Solan

***3118 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state whether there is any plan to upgrade the Nagar Parishad Solan into Nagar Nigam?

अतिरिक्त जिला न्यायालय (ADJ)

***3119 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रोहडू में अतिरिक्त जिला न्यायालय (ADJ) नहीं है; यदि हां, तो इसको स्थापित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

खज्जियार झील का सफाई कार्य

***3120 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खज्जियार झील की सफाई का कार्य लम्बित पड़ा है; यदि हां, तो इस झील की सफाई करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

कला/शारीरिक अध्यापक

***3121 श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :**
श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के अनेक स्कूलों में कला तथा शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के सैंकड़ों पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

जल जीवन मिशन

***3122 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

पदपूर्ति

***3123 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) गत दो वर्षों में दिनांक 31/03/2020 तक इन श्रेणियों में कितनी नियुक्तियां की गईं; ब्यौरा दें;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं और महाविद्यालय हैं जिनके सरकारी भवन हैं; और

(घ) कितने ऐसे हैं जिनकी शिक्षा विभाग के नाम जमीन नहीं है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

33 के0वी0 सब-स्टेशन

***3124 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 33के0वी0 सब-स्टेशन पटलांदर स्थित आन्सला स्वीकृत हुआ था; यदि हां, तो इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

Constitution of Committee

***3125 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state whether the Government intends to Constitute a Committee to reconsider the decision taken by Settlement Officer in 1975 regarding change of Title from Banjar Kadim land to Jungle Billa Sifat?

Shimla : 171004. | **Yash Paul Sharma,**
Dated: 29th August, 2020 . | **Secretary.**